# जापानी कंपनी बनाएगी क्षमता केंद्र

- ओसाका में कौशल विकास तकनीकी सहयोग पर चर्चा
- यूपी के बुनियादी ढांचे ने टीईएल को किया आकर्षित

ओसाका/लखनऊ- हिटी। सेमीकंडक्टर निर्माण की दिग्गज जापानी कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड (टीईएल) यूपी में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाएगी। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व यूपी प्रतिनिधिमंडल ने टीईएल के कॉर्पोरेट ऑफिसर एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष (ग्लोबल सेल्स डिवीजन और इंडिया बिजनेस) ताकेशी ओकुबो के साथ मुलाकात की। लंबी चर्चा में इस मुद्दे पर सहमति बनी।

बैठक में नोएडा क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, विनिर्माण, कौशल विकास और उत्तर प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (वैश्विक क्षमता केंद्रों-जीसीसी) स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। टीईएल ने उत्तर प्रदेश के कुशल कार्यबल व प्रतिभाशाली मानव संसाधन, मजबूत बुनियादी ढांचे और निवेश अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए राज्य को जीसीसी के लिए उपयुक्त स्थान बताया। बैठक में भारत सरकार के टोक्यो स्थित दूतावास की आर्थिक एवं वाणिज्य मंत्री देवजानी चक्रवर्ती, प्रमुख सचिव आलोक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह तथा विशेष सचिव विपिन कुमार जैन भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ओसाका प्रीफेक्चुरल असेंबली का दौरा किया और उपाध्यक्ष किडा काओरू तथा अध्यक्ष किन्जो कात्सुनोरी के साथ सकारात्मक बैठक की। विश्व एक्सपो 2025, ओसाका में, पुर्तगाल के गुआर्डा विश्वविद्यालय (पॉलीटेक्निक इंस्टीट्यूट) ने भारतीय संस्थानों के साथ छात्र आदान-प्रदान, संयुक्त शोध पर रुचि जाहिर की।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में यूपी में कैपेबिलिटी सेंटर बनाने पर चर्चा हुई।